(iv) Notices/warrants are issued to witnesses who fail to appear in the courts and their service is got done through concerned SHOs.

Redrafting the Report on Reforms in the Petroleum Sector

6245. SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA:
SHRI GHUFRAN AZAM:

Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether Government propose to redraft the report of the high level panel on reforms in the petroleum sector;

(b) if so, the reasons therefor;

(c) the details of the recommendations made by the high level panel;

(d) on what recommendations Government have reacted and have not agreed to implement; and

(e) the reasons, therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPT. SATISH SHARMA): (a) to (e) A 'Strategic Planning Group' on restructuring of the National Oil Industry, with members comprising top management from public and private sector and leading experts from academic and research institutes, has been formed. Sunderarajan Committee report will form the input material for the consideration of the 'Strategic Planning Group'.

रसोई गैस के नकली सिलेन्डर

6246. श्री आस मोहम्मद:
श्री कनकसिंह मोहनसिंह मंगरोला:

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बिहार और गुजरात में रसोई गैस के नकली सिलेन्डरों का बड़े पैमाने पर प्रयोग हो रहा है;

(ख) यदि हां, तो गत वर्ष के दौरान राज्य-वार रसोई गैस के कितने नकली सिलेन्डर जब्त किये गये; और

(ग) इसे रोकने हेतु क्या कार्यवाही की गई है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा): (क) और (ख) वर्ष 1994-95 के दौरान गुजरात में पता लगाए गए नकली सिलेंडरों की संख्या लगभग 860 है। बिहार राज्य में 1994-95 में नकली सिलेंडर के किसी भी मामले का पता नहीं लगा।

(ग) डिस्ट्रीब्यूटरों और परिवहनकर्ताओं के पास नकली सिलेंडरों के परिचालन का पता लगाने के लिए एल पी जी विपणन या कम्पनियों के फील्ड स्टाफ द्वारा निरीक्षण किए जाते हैं तथापि, निरीक्षण पर नकली सिलेंडरों का पता अधिकतर भरण संयंत्रों पर लगता है जहां इन्हें कुचल दिया जाता है और नष्ट कर दिया जाता है। जब परिवहनकर्ताओं और डिस्ट्रीब्यूटरों के कब्जे में नकली सिलेंडर पाए जाते हैं और वे इन्हें बेचते या इनका परिचालन करते पाए जाते हैं, तो उन्हें चेतावनी जारी की जाती है और उनसे 1500/- रुपए प्रति नकली सिलेंडर के दंड की वसूली की जाती है।

उत्तर प्रदेश को मिट्टी के तेल का आवंटन

6247. श्री ईश दत्त यादव:
चौधरी हरमोहन सिंह:

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत दो वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश को मिट्टी के तेल की कितनी मात्रा आवंटित की गई है;

(ख) क्या उत्तर प्रदेश के लिए मिट्टी के तेल के कोटे में वृद्धि करने हेतु कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है; और

(ग) यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा): (क) 1993-94 और 1994-95 के दौरान उत्तर प्रदेश को मिट्टी के तेल की आवंटित मात्राएं क्रमशः 971517 एम टी और 1015016 एम टी है।

(ख) और (ग) राज्य सरकारों से मिट्टी के तेल के अतिरिक्त आवंटन के लिए समय-समय पर अनुरोध प्राप्त होते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार से भी अनुरोध प्राप्त हुआ था। तथापि, उत्पाद उपलब्धता, विदेशी मुद्रा और